प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों से किया संवाद : कहा– विकसित उत्तर प्रदेश के लिये नगर निकायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी।
2. केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार क लिये तीन अमृत भारत एक्सप्रेस सहित सात रेलगाड़ियों को दिखाई हरी झंडी : कहा– दीपावली और छठ पर्व के दौरान चलाई जायेंगी 12 हजार विशेष ट्रेनें।
3. केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गौतमुद्धनगर में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के समापन समारोह को किया संबोधित : कहा– बदल रही है यूपी की तस्वीर।

और

4. 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के लिये लखनऊ में बनेगी विश्वस्तरीय टेंट सिटी : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज किया भूमि पूजन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लिये नगर निकायों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ से प्रदेश के 17 नगर निगमों, 200 नगर पालिकाओं और 545 नगर पंचायतों के

अध्यक्षों, सदस्यों सहित 13 हजार 800 जनप्रतिनिधियों के साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' विषय पर वर्चुअल संवाद किया और सुझाव मांगे। बाइट.....

*लेकिन हमारा मॉडल ऐसा होना चाहिए जो तात्कालिक आवश्यकता की पूर्ति तो कर ही सके। हमारे विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनकर के इनकम को भी जनरेट कर सके। ये मॉडल नगर निकाय अपने स्तर पर भी और ये मॉडल आप पीपीपी मोड पर भी आगे बढ़ाने में सफल हो सकते हैं। बोर्ड इसके लिए सहमत हो और उस मानसिकता के साथ हमें कार्य करना होगा।*

मुख्यमंत्री ने 17वें जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत आज मध्य प्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा से लखनऊ में आए प्रतिभागियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न जातिया, बोली और भाषाएं है, लेकिन राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ सभी को विकसित भारत का संकल्प साकार करने के लिये एकजुट होना होगा।

——————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए बिहार के लिये सात ट्रेनों को हरी झंड़ी दिखाई। इनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस तथा चार पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। पूर्वोत्तर रेलवे की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन लखनऊ होकर चलेगी, जिससे उत्तर प्रदेश से नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पूर्वोत्तर

रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन नंबर 05133 छपरा–आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रन छपरा से सुबह 11 बजे चलकर सीवान, होते हुए प्रदेश के कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा और बाराबंकी होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इसके बाद गाड़ी कानपुर सेंट्रल और इटावा होते हुए नई दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर पहुंचेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि दीपावली और छठ पर्व के दौरान रिकॉर्ड संख्या में 12 हज़ार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी।

———————

गौतमबुद्धनगर में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के समापन समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले 8 वर्षो में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश के लिए सुरक्षित वातावरण और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने प्रदेश को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा दें और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक संकल्प लें। बाइट.....

*एक तरफ जीएसटी घटा है चीज़ें सस्ती हुई है। दूसरी तरफ उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। आठ साल पहले मात्र चार सौ पाँच सौ यूनिट लगते थे उत्तर प्रदेश में ईश्वर तीन हज़ार यूनिट तीन हज़ार से अधिक यूनिट लगने जा रहे है देखिए कितना बड़ा बदलाव उत्तर प्रदेश में आया।*

समापन समारोह में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि इस आयोजन में प्रदेश के उद्यमियों और कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ा गया। वहीं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि ट्रेड शो के दौरान 24 सौ एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिनसे 11 हजार दो सौ करोड़ रुपये का व्यापार हुआ है।

——————————

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को 7 वर्ष पूरे हो चुके है। इस अवसर पर लखनऊ के किंगजॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बाइट.....

*इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरे उत्तर प्रदेश में देश में सरकार है सर्वाधिक हाईवे वाला स्टेट अगर कोई है तो उत्तर प्रदेश है। सर्वाधिक सडकों वाला कोई स्टेट है उत्तर प्रदेश है। आज मुझे कहने में फक है की पचहत्तर के पचहत्तर जिलों को हम बराबर बिजली दे रहे हैं कि आज उत्तर प्रदेश में साढ़े पंद्रह हज़ार मेगावाट बिजली खर्च हुई है। आज हम पीक हूर में बत्तीस हज़ार मेगावाट से अधिक बिजली प्रतिदिन खर्च कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने बेसिक शिक्षा की तरफ ध्यान दिया।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

19वें राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ में होगा। हफ्ते भर चलने वाले इस भव्य आयोजन के लिए लखनऊ के वृंदावन योजना में डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर टेंट सिटी बसाई जाएगी। टेंट सिटी का काम शुरू होने से पहले भूमि पूजन आज प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। इस आयोजन में 35 हजार से अधिक क्रैडिट्स भारत के विभिन्न प्रांतों के अलावा अन्य देशों से भी आएंगे। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जंबूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच है।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ, जो समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर कर की दर को कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

*केन्द्र सरकार ने जीएसटी 2.0 में कैंसर और गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 36 जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया है। इसके अलावा आवश्यक दवाओं और मेडिकल उपकरणों जैसे गॉज, बैंडेज, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और थर्मामीटर पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। नए कर ढांचे में सरकार ने हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रिमियम को भी पूरी तर कर मुक्त दिया है। स्वास्थ्य सेवा में क्षेत्र में हुए जीएसटी बदलावों से सबसे ज्यादा लाभ मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लोगों को मिलेगा। सकलेन अखतर के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार के रेलवे सुधार भारत की जीवनरेखा का आधुनिकीकरण कर रहे हैं, विश्व स्तरीय यात्रा, बेहतर सुरक्षा और प्रत्येक नागरिक के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे हैं।

*सरकार ने यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए अमृत भारत ट्रेन और नमो भारत रैपिड रेल भी शुरू की है। अगले दो–तीन वर्षों में आम जनता के यात्रा अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए 200 नई वंदे भारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 जनरल नॉन–एसी कोच चलाने की योजना है।*

*अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से ज़्यादा स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। भारतीय रेलवे ने कवच नामक एक अत्याधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली भी शुरू की है।*

——————————

**प्रदेशभर के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की जा रही है। वाराणसी के कालिका गली स्थित मां काली के दरबार में, मिर्जापुर के विन्ध्याचल, बलरामपुर के तुलसीनगर में देवीपाटन शक्तिपीठ पर श्रद्धालुओं की भारी भोड़ उमड़ रही है। एक रिपोर्ट.....**

*पूरा तुलसीपुर नगर माता के जयकारों से गूंज रहा है।पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालुओं का आना जारी है। श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कर्मकांड भी संपन्न कराए जा रहे हैं। देवीपाटन शक्तिपीठ के नवरात्रि मेले हेतु पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा गोंडा  तुलसीपुर मार्ग पर मेला स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही है। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सतर्कता बरत रहा है। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, देवीपाटन शक्तिपीठ बलरामपुर।*

(समाप्त)